**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 21-12-2021**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-12-21 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2021-12-22 | 2021-12-23 | 2021-12-24 | 2021-12-25 | 2021-12-26 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 21.0 | 22.0 | 23.0 | 23.0 | 22.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 3.0 | 3.0 | 4.0 | 5.0 | 6.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 80 | 80 | 85 | 85 | 90 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 60 | 60 | 65 | 65 | 65 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 320 | 320 | 100 | 130 | 130 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 1 | 1 | 1 | 2 | 4 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों ( 14 – 20 दिसम्बर, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहने के साथ घने बादल छाये रहे।। अधिकतम तापमान 14.0 से 24.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 2.4 से 6.5 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 91 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 30 से 77 प्रतिशत एवं हवा 0.6 से 5.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 21.0 से 23.0 व 3.0 से 6.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। 21,22 व 23 दिसम्बर को शीत लहर चलने और कहीं-कहीं पर पाला पड़ने की भी संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 26 दिसम्बर व 1 जनवरी के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम तापमान सामान्य से कम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। 27 दिसम्बर से एक पश्चिमी विक्षोभ के आने की भी सम्भावना है जिसके परिणाम स्वरुप 27 से 29 दिसम्बर को कहीं-कहीं वर्षा व पहाड़ो पर बर्फबारी देखने को मिल सकती है।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| आगामी दिनों मे शीतलहर व कहीं-कहीं पाला पड़ने की सम्भावना है अतः फसल में हल्की सिंचाई करे व पाले से बचाव के लिए पुआल और गीली घास का प्रयोग कर फसल को कवर कर सकते है। सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। गाय-भैंस को शीतला रोग (रिंडर पेस्ट) का टीका लगवाए।

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा लेकिन 21,22 व 23 दिसम्बर को शीत लहर चलने और कहीं-कहीं पर पाला पड़ने की भी संभावना है। पाला पड़ने की स्थिति में खेत में हल्की सिंचाई करें। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गेहूँ | जिन किसान भाईयो ने नवम्बर के आखिरी सप्ताह में बुवाई पूर्ण कर ली हो वह आगामी मौसम को ध्यान में रखते हुए फसल में हल्की सिंचाई कर लें। गेहूँ में खरपतवार नियंत्रण हेतु दो निराई-गुड़ाई पर्याप्त होता है। पहली निराई-गुड़ाई बुवाई के 25-30 दिन बाद तथा दूसरी बुवाई के 45-50 दिन बाद करें। इससे खरपतवार तो नियंत्रण होता ही हैं साथ ही भूमि में समुचित हवा के संचार होने से कल्ले अधिक निकलते है। |
| सरसों | सरसों में माहुँ का प्रकोप होने पर थायमेथोक्जाम 25 डब्लू जी की 50-100 ग्रा0 मात्रा का 600-700 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करे। |
| मक्का | जिन किसान भाईयो ने मक्का की रबी फसल लगा रखी है और यदि उनमें नीचे से दो से तीन पत्तियॉ निकल गई हो तो आगामी मौसम को ध्यान में रखते हुए हल्की सिंचाई करें और यदि खेत में नमी बनी हुई है तब हल्की गुड़ाई करें। |
| लहसुन | आगामी दिनों मे शीतलहर व कहीं-कहीं पाला पड़ने की सम्भावना है जिसके प्रभाव से लहसून की पत्तिया पीली पड़ सकती है अतः लहसून की फसल में हल्की सिंचाई करे। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| आलू | आलू में अगेती झुलसा रोग देखा जा रहा है तथा आगामी मौसम भी इसके अनुकूल है। अतः किसान भाईयो को सलाह दी जाती है कि मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 की दर से तुरंत छिड़काव करें। |
| आलू | आलू के पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु, आलू उत्पादक किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि इस स्थिति में साइमोक्जेनिल + मैन्कोजेब अथवा डाइमिथोमार्फ + मैन्कोजेब अथवा फैनामिडान + मैन्कोजेब में से किसी एक सम्मिश्रण फफूदनाशी का 3.0 ग्राम प्रति लीटर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रोग की अत्याधिक तीव्रता बढ़ने पर ऊपर दिये गये किसी एक सम्मिश्रण फफूदनाशी का 10-15 दिन के अन्तराल में पुनः छिड़काव करें लेकिन किसान भाइयों से अनुरोध है कि एक सम्मिश्रण फंफूदनाशी का एक बार ही छिड़काव हेतु प्रयोग करें। सम्मिश्रण फंफूदनाशी के छिड़काव उपरान्त रोग की तीव्रता कम होने पर आवश्यकतानुसार मैन्कोजेब नामक फंफूदनाशी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। |
| पपीता | पपीता के नये रोपित पौधों को पाले से बचाने हेतु सूखी घास-फूस एकत्रित कर लें ताकि इन पौधों को पाले से बचाने हेतु कवर किया जा सके। |
| लीची | लीची के नये रोपित पौधों को पाले से बचाने हेतु सूखी घास-फूस एकत्रित कर लें ताकि इन पौधों को पाले से बचाने हेतु कवर किया जा सके। लीफ कर्ल माइट का प्रकोप होने पर, प्रभावित भागों को काटकर जला दें और फिर क्लोरफेनेपायर या प्रोपरगाइट का 3 मि.ली./लीटर की दर से छिड़काव करें। |
| आम | आम के नये रोपित पौधों को पाले से बचाने हेतु सूखी घास-फूस एकत्रित कर लें ताकि इन पौधों को पाले से बचाने हेतु कवर किया जा सके। |
| गोभी | आगामी 21,22 व 23 दिसम्बर को शीतलहर व कहीं- कहीं पाला पड़ने की सम्भावना को देखते हुए गोभी वर्गीय फसलों में हल्की सिंचाई करे। |
| मिर्च | आगामी दिनों मे शीतलहर व कहीं- कहीं पाला पड़ने की सम्भावना को देखते हुए मिर्च की फसल में हल्की सिंचाई करे। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | आगामी 21,22 व 23 दिसम्बर को शीतलहर चलने का पूर्वानुमान है। अतः सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें। पशुओं को शीतला रोग (रिंडर पेस्ट) का टीका लगवाए। इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। |